**2022**

# HINDI

## ( Skill Enhancement Course )

Paper : HIN–SE–3014

**( कार्यालयीन अनुवाद )**

*Full Marks* : 50

*Time* : 2 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×4=4

   (क) भारतीय संविधान में हिन्दी को राजभाषा के रूप में कब स्वीकृत किया गया था?

   (ख) सरकारी पत्राचार के अंतर्गत आने वाले किसी एक प्रकार के पत्र का नामोल्लेख कीजिए।

   (ग) टिप्पण का क्या आशय है?

   (घ) 'आलेखन' के लिए प्रयुक्त एक अन्य नाम का उल्लेख कीजिए।

   (ङ) 'पारिभाषिक शब्द' किसे कहते हैं?

(च) डेस्कटॉप कंप्यूटर और लैपटॉप में मुख्य अंतर क्या है?

(छ) 'राजभाषा' और 'राष्ट्रभाषा' के एक मुख्य अंतर का उल्लेख कीजिए।

(ज) टैबलेट क्या है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×3=6

(क) भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में और किस लिपि में लिखित हिन्दी को स्वीकृति मिली?

(ख) 'सर्जनात्मक भाषा' और 'राजभाषा' के किन्हीं दो अंतरों का उल्लेख कीजिए।

(ग) राजभाषा के रूप में हिन्दी के समक्ष आनेवाली किन्हीं दो कठिनाइयों का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'राजभाषा अधिनियम' और 'राजभाषा नियम' किस-किस वर्ष में पारित किए गए थे?

(ङ) राजभाषा हिन्दी के प्रयोग के आधार पर भारतवर्ष को कितने खण्डों में विभाजित किया गया है? इन खण्डों के नाम बताइए।

(च) संविधान के किस अनुच्छेद में अंग्रेजी को सह-राजभाषा के रूप में प्रयोग की अनुमति मिली है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) कंप्यूटर में हिन्दी टंकण में आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर विचार कीजिए।

(ख) 'सामान्य भाषा' और 'यांत्रिक भाषा' के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(ग) निम्नलिखित अंग्रेजी पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए :

Post-graduate ; Priority ; Session ; Ballot ; Average ; Consumer ; Candidate ; Road Tax ; Earned Leave ; In-charge.

(घ) 'कार्यालय ज्ञापन' की एक रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 पर एक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(च) कार्यालयीन व्यवहार से संबंधित निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

*(i)* Casual leave applied for may be granted.

*(ii)* Please put up the file along with previous communication.

*(iii)* I shall be ever grateful to you for your kind consideration.

*(iv)* The file may be closed with comments.

*(v)* The unintentional delay in responding the matter is regretted.

*(vi)* It is for general information that the farewell meeting of our Deputy Manager will be held at 3:00 p.m. today.

(vii) The matter needs no explanation.

(viii) Yours sincerely.

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) शिक्षण-माध्यम भाषा एवं संचार भाषा के स्वरूपों पर विवेचन प्रस्तुत कीजिए।

(ख) राजभाषा नियम में निहित प्रावधानों की मूलभूत बातों पर आलोकपात कीजिए।

(ग) आलेखन के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए एक नमूना प्रस्तुत कीजिए।

(घ) सरकारी पत्राचार में प्रयुक्त टिप्पण के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डालिए।

(ङ) प्रशासनिक पत्रावली की निष्पादन-प्रक्रिया का पालन करते हुए एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(च) हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली-निर्माण के विभिन्न सम्प्रदायों का सम्यक् परिचय दीजिए।

(छ) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए और उसका एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए :

भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है जो लगभग 5000 वर्ष पुरानी है। विश्व की पहली और महान संस्कृति के रूप में भारतीय संस्कृति को माना जाता है। 'विविधता में एकता' का कथन यहाँ पर आम है अर्थात् भारत एक विविधतापूर्ण देश है जहाँ विभिन्न धर्मों के लोग अपनी संस्कृति और परंपरा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से

एकसाथ रहते हैं। विभिन्न धर्मों के लोगों की अपनी भाषा, खाने की आदत, रीति-रिवाज़ आदि अलग हैं फिर भी वे एकता के साथ रहते हैं। पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति बहुत प्रसिद्ध है। विश्व के बहुत रोचक और प्राचीन संस्कृति के रूप में इसको देखा जाता है। अलग-अलग धर्मों, परंपराओं, भोजन, वस्त्र आदि से संबंधित लोग यहाँ रहते हैं। विभिन्न संस्कृति और परंपरा के रह रहे लोग यहाँ सामाजिक रूप से स्वतंत्र हैं इसी वजह से धर्मों की विविधता में एकता के मजबूत संबंधों का यहाँ अस्तित्व है। भारतीय संस्कृति अलग परिवारों, जातियों, उप-जातियों और धार्मिक समुदाय में जन्म लेने वाले लोग एकसाथ शांतिपूर्वक एक समूह में रहते हैं। यहाँ लोगों का सामाजिक जुड़ाव लंबे समय तक रहता है। अपनी तारतम्यता, और सम्मान की भावना, इज्जत और एक-दूसरे के अधिकार के बारे में अच्छी भावना रखते हैं। अपनी संस्कृति के लिए भारतीय लोग अत्यधिक समर्पित रहते हैं और सामाजिक संबंधों को बनाए रखने के लिए अच्छे सभ्याचार को जानते हैं। भारत में विभिन्न धर्मों के लोगों की अपनी संस्कृति और परंपरा होती है। उनका अपने त्योहार और मेले होते हैं जिसे वे अपने तरीके से मनाते हैं। लोग विभिन्न भोजन संस्कृति जैसे पोहा, बूंदा, ब्रेड ऑमलेट, केले का चिप्स, आलू का पापड़, मुरमुरे, उपमा, डोसा, इडली, चाइनीज़ आदि का अनुकरण करते हैं। दूसरे धर्मों के लोगों की कुछ अलग भोजन संस्कृति होती है जैसे सेवइयाँ, बिरयानी, तंदूरी, मट्ठी आदि।

(ज) भाव-पल्लवन कीजिए :

"राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूँगा है।"

★★★